भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा उत्पादन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5127

24 **जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए**

रक्षा कॉरिडोर में एमएसएमई को शामिल करना

5127. श्री अनुराग शर्मा :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास निकट भविष्य में झांसी और आस-पास के क्षेत्रों में प्रस्तावित रक्षा कॉरिडोर में छोटे और मध्यम क्षेत्र की कंपनियों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) विशेषकर झांसी और आस-पास के क्षेत्रों में उक्त प्रस्ताव की स्थिति का ब्यौरा क्या है और इसके पूरा होने की समय-सीमा, यदि कोई हो, तो क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (ग): माननीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण (2018-2019) में देश में दो रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने की घोषणा की थी । उक्त घोषणा की अनुपालना में, एक गलियारा उत्तर प्रदेश में और दूसरा तमिलनाडु में जो एमएसएमई की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा, को स्थापित करने का निर्णय लिया गया था । उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के छः नोड्स में लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, चित्रकूट एवं झांसी सम्मिलित हैं ।

*****